समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 आनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 17 जनवरी तक

(विभिन्न बिन्दुओं पर प्रतियोगिता आयोजित, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को निगम करेगा सम्मानित)

कोरबा 11 जनवरी 2021 — स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 हेतु आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत वन—सीजी आनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन निगम द्वारा किया गया है, विभिन्न बिन्दुओं पर आयोजित उक्त प्रतियोगिता में चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंतिम तिथि को बढ़ाकर 17 जनवरी 2021 तक की तिथि निर्धारित की गई है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देश के शहर के मध्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य किया जाना हैं, अपना कोरबा शहर एवं अपना प्रदेश छत्तीसगढ़ स्वच्छ सर्वेक्षण के रैंकिंग में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करें इसमें सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 हेतु आई.ई.सी. गतिविधियों के आयोजन के तहत आनलाईन ड्राइंग प्रतियोगिता ,क्वीज प्रतियोगिता, स्वच्छता चैम्पियन, स्वच्छ होटल, स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ संस्थान, स्वच्छ हास्पिटल, स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ बाजार, हमर बदलाव—हमर गोंठ, संगवारी नाचा प्रतियोगिता, स्वच्छ प्रतिष्ठान (बैंक, निजी कार्यालय, दुकान आदि) के साथ ही ऐसे कार्य जो स्वच्छता पर आधारित हैं या अनुपयोगी सामग्री का पुनः उपयोग कर नवाचार संबंधी गतिविधियों में शामिल प्रतिभागियों की प्रतियोगिता का आनलाईन आयोजन निगम द्वारा किया गया है, प्रतियोगिता में **डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट 1सीजी डॉट इन** वेबसाईट पर लागइन कर घर बैठे भाग लिया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 17 जनवरी 2021 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, निगम द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन द्वारा अपील की गई है कि उक्त आनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेकर कोरबा को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग देंवे।

स्वच्छ सर्वेक्षण गतिविधियों से जुड़े, संस्थान को बनाए उत्कृष्ट— निगम द्वारा आयोजित उक्त आनलाईन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण की विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर अपने संस्थान को उत्कृष्ट बनाने का आव्हान निगम द्वारा किया गया है। शासकीय एवं निजी कार्यालय संस्थान, स्कूल, होटल, हास्पिटल, बाजार सहित अन्य संस्थान इस आनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेकर एवं संबंधित गतिविधियों से जुड़कर अपने संस्थानों को उत्कृष्ट एवं आदर्श संस्थान बनाएं तथा अपने कोरबा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में सम्मानजनक स्थान दिलाकर कोरबा शहर एवं छत्तीसगढ़ को उच्च रैंकिंग दिलाने में सहभागी बने।